# वी यू – मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का सफल आयोजन




नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जन्म जयंती **'राष्ट्रीय युवा दिवस'** के अवसर पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम माननीय कुलगुरु डॉ. मंदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर जी की विशेष उपस्थिति तथा अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया गया, यह कार्यक्रम इस वर्ष की **थीम इग्नाइट द सेल्फ इंपैक्ट द वर्ल्ड** पर आधारित रहा, जिसमें 6 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत, स्वच्छता ही सेवा, एवं नशामुक्त समाज जैसे विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, इसके साथ ही युवा दिवस के अवसर पर छात्रों एवं NSS के स्वयं सेवकों द्वारा रन फॉर स्वदेश एवं जागरूकता रैली भी निकाली गई, कार्यक्रम के दौरान सहायक कुलसचिव डॉ रामकिंकर मिश्रा, एन.एस.एस. इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीति मिश्रा, श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट सत्येंद्र कटारा, प्रियंका गौतम, अनिल केवट एवं कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर